सुना है मेरा घर द्वारा भोले घर

सुना है मेरा घर द्वार भोले घर मेरे आजा,
एक बार तू सुना है मेरा घर द्वार,

तुझको सुनानी तुझको बतानी मैंनेदिल की कहानी,
रोते रोते सुख गया है बाबा आँखों से पानी,
भर दे मेरे भी भंडार ,
भोले घर मेरे आजा एक बार तू,
सुना है मेरा घर द्वार........

तुझको भजु मैं शाम सवेरे बनके तेरा दीवाना,
मुझको भी दे दे भोले बाबा खुशियों का खजाना,
मिल जाए मुझको भी करार,
भोले घर मेरे आजाएक बार तू,
सुना है मेरा घर द्वार....

राह में पलके मैंने बिछाई भोले बाबा तेरी,
आ भी जा तू दूर ये कर दे रात अँधेरी,
किस्मत को मेरी दे सवार
भोले घर मेरे आजा एक बार तू,
सुना है मेरा घर द्वार.......

तू जो ना आया हे शिव शंकर मैं ना जिन्दा रहूँगा,
मर भी गया तो हे शिव शम्भु तुझसे मैं ये कहूँगा,
माटी को ही ले तू निहार,
मुझको मुक्ति का दे दे संसार तू,
सुना है मेरा घर द्वार......

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/3358/title/suna-hai-mera-ghar-dawar-bhole-ghar-mere-ek-baar-aajaa-tu

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |